Title: Speed up of Coal mining near two Coalfields in Pathakhera.

श्री दुर्गा दास उइके (बैतूल): माननीय सभापति जी, मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने मुझे लोक सभा क्षेत्र बैतूल, हरदा, हरसूद के लोकहित के विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया है।

महोदय, मेरे जनजाति बहुल क्षेत्र बैतूल जिले में कोयला प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। पाथाखेड़ा सारनी क्षेत्र सतपुड़ा की सुरम्य वादियों में स्थित है। इस क्षेत्र में समूचे देश से कामगार काम करते हैं। दो खदानें नवीन खुदाई के लिए दीर्घावधि से प्रस्तावित है। क्षेत्र शनैः शनैः उजड़ रहा है। कामगारों एवं क्षेत्र की जनता ने अनेक बार धरना, प्रदर्शन एवं ज्ञापनों के माध्यम से कोयला मंत्रालय का ध्यानाकर्षण किया है। मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय कोयला मंत्री जी से प्रार्थना करता हूँ कि इस दिशा में ठोस पहल कर नवीन खदानों के शीघ्र उत्खनन हेतु प्रयास करें। मेरी आपसे ऐसी आशा, अपेक्षा और प्रार्थना है। धन्यवाद, जयहिंद।